बेकाबू स्कार्पियो की टक्कर से बालक की मौत

पिता की सूचना पर पुलिस ने कब्जे में ली कार, परिजन बेहाल

संवाद न्यूज एजेंसी

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद के गांव नहरइया में गली में खेलते समय तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से छात्र की मौत हो गई। चालक ने कार भगाने का प्रयास किया पर ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया। पिता की सूचना पर पुलिस ने कार कब्जे में ले ली है।

नहरइया गांव निवासी प्रहलाद सिंह का पुत्र प्रशांत (10) कक्षा पांच में पढ़ता था। वह रविवार शाम करीब सवा पांच बजे गांव की गली में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी समय आई तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। इससे प्रशांत दूर जा गिरा।

चालक ने कार भगाने का प्रयास किया, मगर ग्रामीणों ने पीछा करके पकड़ लिया। इसके बाद उसी कार से घायल बच्चे को आवास विकास तिराहा स्थित निजी अस्पताल लाया गया। हां बच्चे को जैसे ही स्ट्रेचर पर लिटाया तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पिता प्रहलाद सिंह ने कादरीगेट थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर कार को कब्जे में ले लिया।

दुर्घटना करने वाली कार के चालक से पूछताछ करते पुलिसकर्मी। संवाद

पिता प्रहलाद सिंह ने बताया कि प्रशांत चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। उसका बड़ा भाई शिवकुमार और छोटा निशांत व बहन भावना है। मां सोनी का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता ने बताया कि कार की स्पीड काफी तेज थी। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की है।

डंपर-कार की टक्कर, परिवार के सदस्य बाल-बाल बचे

शमसाबाद। कस्बा के थाना चौराहे के पास एक डंपर और कार की भिड़ंत हो गई, जिसमें कार क्षतिग्रस्त हुई। इस हादसे में कार सवार परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए। जनपद एटा के उम्मीद नगला निवासी जयप्रकाश और कुलदीप अपने परिवार के चार-पांच सदस्यों के साथ कार में थे। वे नवाबगंज क्षेत्र के बछलइया गांव निवासी रिश्तेदार शिवरतन की पत्नी माया देवी के अंतिम संस्कार में शामिल होने ढाईघाट जा रहे थे। जयप्रकाश ने बताया कि ढाईघाट की ओर से आ रहे डंपर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डंपर चालक को हिरासत में लिया। थानाध्यक्ष रमेश सिंह के अनुसार, कार में हल्की खरोंच आई थी और दोनों पक्षों में समझौता हो गया। (संवाद)

रोडवेज बसों की भिड़ंत, चालक घायल

कायमगंज। बाईपास मार्ग पर बेरिया तिराहे के पास रविवार को दो रोडवेज बसों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में फर्रुखाबाद डिपो की बस के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो यात्री चुटहिल हो गए। दिल्ली से फर्रुखाबाद जा रही फर्रुखाबाद डिपो की बस और सामने से आ रही एटा डिपो की बस में तेज रफ्तार के चलते आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि फर्रुखाबाद डिपो के चालक पवन मिश्रा निवासी हुल्लापुर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया। बस में सवार उमाशंकर और उनके भाई हरिओम निवासी खैराबाद को भी हल्की चोटें आईं। सूचना पर कस्बा इंचार्ज सोमवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बसों को हटवाकर पेट्रोल पंप पर खड़ी करा दीं। पास में वैकल्पिक मार्ग होने से जाम की स्थिति नहीं हुई। (संवाद)

बेरी तिराहे के पास बस को हटाती क्रेन। संवाद

बाइक गड्ढे में गिरी, दंपती समेत चार घायल

छिबरामऊ (कन्नौज)। होली पर ससुराल जा रहा एक परिवार रविवार को सड़क हादसे का शिकार हो गया। काली नदी पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में दंपती और उनके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। फर्रुखाबाद जिले के ग्राम सहालमपुर कुआंखेड़ा निवासी संजीव शाक्य (28) पत्नी छाया देवी (26) और उनके बच्चे नैतिक (05) और शिक्षा (02) बाइक से जा रहे थे। वे सभी थाना विशुनगढ़ के ग्राम ऊंचा रामनगर स्थित ससुराल जा रहे थे। रास्ते में ताजपुर सड़क पर काली नदी के पास अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक सड़क किनारे एक गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को 100 शैया अस्पताल ले जाया गया। (संवाद)

बाइक से टक्कर के बाद टेंपो पलटा आठ घायल

कायमगंज (फर्रुखाबाद)। नगर के मुख्य चौराहे पर रविवार को टेंपो की तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गई। इसके बाद टेंपो पलट गया। हादसे में बाइक सवार समेत आठ लोग घायल हो गए।

राजेपुर क्षेत्र के गांव अहलामई निवासी कुलदीप (25), उनकी पत्नी रीता (22), सुमेश पांडेय (45), उनकी पत्नी बबली (40), पुत्रियां देवकी (16) व राजुल (18) तथा टेंपो चालक दुर्गेश (35) जनपद बदायूं के थाना उसैत स्थित कालसेन मंदिर दर्शन के लिए गए थे।

वापसी के दौरान कायमगंज के मुख्य चौराहे पर सामने से आ रही गांव महमदीपुर निवासी विकास की बाइक से टेंपो की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया।

घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर टेंपो में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। (संवाद)

अपराध संक्षेप

मारपीट की चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

नवाबगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबुद्दीनपुर निवासी रामावतार ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि रंजिश के चलते 24 फरवरी को आरोपियों ने पत्नी रानी देवी एवं भतीजी कांति देवी के साथ मारपीट की। इसमें दोनों के गंभीर चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर अवधेश, पिक्कू, मुकेश और प्रांशु के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। विवेचना सब इंस्पेक्टर कमलेश कुमार करेंगे।(संवाद)

ग्रामीण से मारपीट करने में दो पर एनसीआर दर्ज

कमालगंज। थाना क्षेत्र के शेखपुर रुस्तमपुर निवासी नन्हीं देवी ने गांव के अवनीश व रंजीत के खिलाफ एनसीआर दर्ज कराई है। बताया कि 25 फरवरी की सुबह करीब नौ बजे उसके पति प्रभुदयाल गांव में पेड़ के नीचे बैठे ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। तभी वहां पहुंचे अवनीश व रंजीत ने पुराने विवाद के चलते गाली-गलौज कर दी थी। विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। उनके उपचार के बाद वह थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंची। (संवाद)

बच्चों के बीच हुए विवाद में मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

कमालगंज। थाना क्षेत्र के शेखपुर निवासी मोहम्मद आमिर ने गांव के अकील, वकील व वसीम के खिलाफ एनसीआर दर्ज कराई है कि शनिवार को उसके बच्चों का पड़ोसी अकील के बच्चों से खेलने के दौरान झगड़ा हो गया था। शाम करीब पांच बजे वह मां कैसर के साथ घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी यह लोग आए और बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। इससे उसके व मां के चोट आई है। (संवाद)

गाली-गलौज व मारपीट में एनसीआर दर्ज

कमालगंज। थाना से जुड़े गंगापार इलाके के कढ़हार निवासी सरवन ने गांव के बृजेश कुमार, सूरज व सुनील के खिलाफ एनसीआर दर्ज कराई है कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह घर के बाहर बैठा था। तभी यह लोग आए और बिना बात गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इससे उसके चोट आई है। (संवाद)

दहेज हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

संकिसा। पुलिस ने रविवार को प्रवेश उर्फ सीटू को दहेलिया चौराहे से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम दहेलिया निवासी प्रवेश उर्फ सीटू की पत्नी राधिका की 25 फरवरी की रात आगरा में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। राधिका जनपद औरैया थाना फफूंद क्षेत्र के ग्राम कंचन पुरवा निवासी सत्य प्रकाश की पुत्री थी। राधिका के पिता की तहरीर पर पति प्रवेश उर्फ सीटू, ससुर शीलू, जेठ रमन कुमार, जेठानी, चचिया ससुर टिंकू और उनकी पत्नी के खिलाफ दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। (संवाद)

ग्राम सभा की जमीन पर अवैध निर्माण

शमसाबाद। थाना क्षेत्र के गांव अचानकपुर निवासी रामाश्रय और रमाकांत ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर रहे थे। निर्माण की सूचना ग्रामीणों ने लेखपाल रोहित अवस्थी को दी। सूचना मिलते ही राजस्व टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। राजस्व टीम की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। (संवाद)

जमीन चिह्नांकन के बाद लगाए खंभे दबंगों ने उखाड़े

पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

कायमगंज। फर्रुखाबाद के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के पपड़ी खुर्द बुजुर्ग गांव में जमीन के चिह्नांकन के बाद लगाए गए खंभों को उखाड़ने और तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह घटना एसडीएम (न्यायिक) के आदेश पर हुई पैमाइश के बाद हुई।

ग्राम पपड़ी निवासी असद अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उपजिलाधिकारी (न्यायिक) के आदेश पर 13 फरवरी 2026 को उनकी जमीन की पैमाइश हुई थी। कानूनगो, लेखपाल और पुलिस बल की मौजूदगी में यह चिह्नांकन किया गया था। आरोप है कि 27 फरवरी की रात करीब दस बजे शमा बेगम, आरिफ उर्फ गुड्डा, यासीन खां और अनवर खां लाठी-डंडों के साथ खेत पर पहुंचे।

उन्होंने कानूनगो द्वारा लगवाए गए खंभे उखाड़ दिए। खेत पर रखे अन्य खंभों और नर्सरी के साइन बोर्ड को भी तोड़ दिया। इस तोड़फोड़ से लगभग 17 हजार रुपये का नुकसान हुआ। पीड़ित ने थाने जाने पर जान से मारने की धमकी मिलने का भी आरोप लगाया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। असद अली की शिकायत पर कायमगंज कोतवाली पुलिस ने शमा बेगम, आरिफ उर्फ गुड्डा, यासीन खां और अनवर खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

ट्रैक्टर हटाने के लिए कहने पर पीटा

कंपिल। थाना क्षेत्र के गांव फुलू नगला में 23 फरवरी की शाम दबंगों ने पिता-पुत्र को पीटा।

राहुल ने बताया कि पिता कल्याण सिंह 23 फरवरी की शाम घर के चबूतरे के सामने बैठे थे। उनका भाई पिता के लिए पानी लेने गया था। तभी गांव के शहदवीर और ओमवीर ट्रैक्टर लेकर गली में आ गए। सामने से दूध की गाड़ी आने के कारण दोनों वाहन गली में फंस गए। राहुल के भाई ने ट्रैक्टर आगे बढ़ाने को कहा तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

शोर सुनकर इंस्पेक्टर, मनोज कुमार, सुदीप कुमार और विजेंद्र सिंह लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने राहुल के भाई और बीच-बचाव करने आए पिता कल्याण सिंह के साथ मारपीट की। पुलिस ने शहदवीर, ओमवीर, इंस्पेक्टर, मनोज कुमार, सुदीप कुमार और विजेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। (संवाद)

गृहकलह में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

पत्नी झगड़े के बाद बच्चे को लेकर चली गई थी मायके

संवाद न्यूज एजेंसी

कायमगंज (फर्रुखाबाद)। कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनपुर में गृहकलह से परेशान युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। युवक अपने पीछे नौ माह की मासूम बेटी सिद्धि को छोड़ गया है।

अंकित। फाइल फोटो

गांव लखनपुर निवासी अंकित (28) की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व रूबी के साथ हुई थी। परिजन के मुताबिक, कुछ समय से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। चार दिन पूर्व पत्नी रूबी नौ माह की मासूम बेटी सिद्धि को लेकर मायके ग्राम कुसमापुर चली गई थी। बताया गया कि शनिवार शाम अंकित की पत्नी से फोन पर लंबी बातचीत हुई थी।

आशंका है कि इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ। इससे वह मानसिक तनाव में आ गया। देर रात उसने कमरे में साड़ी के सहारे फंदा लगा लिया। पिता ने कमरे में उसका शव लटका देखा तो परिजन में चीख-पुकार मच गई। इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गांव लखनपुर में अंकित के रोते बिलखते व गमगीन परिजन। संवाद

मौरंग उतारने के दौरान जैक टूटने डंपर पलटा

कमालगंज। कस्बा के रामलीला मैदान के पास रविवार दोपहर कन्नौज जिले के समधन, गुरसहायगंज निवासी चालक बारिश अली ने मौरंग को पलटने के लिए जैक उठाई तो वह टूट गई। इससे डंपर पलटने से एक ग्रामीण की साइकिल दब गई। हादसे में किसी के चोट न आने से बड़ा हादसा बच गया। साइकिल मालिक की सूचना पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ की। डंपर से मौरंग खाली करने के बाद उसे क्रेन से सीधा किया गया। (संवाद)

45 लीटर कच्ची शराब, 18 क्वार्टर सहित पुलिस ने छह को पकड़ा

अभियान चलाकर की गई कार्रवाई, प्राथमिकी दर्ज

कमालगंज। आगामी होली के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस की टीमों ने शराब के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने 45 लीटर कच्ची शराब व 18 क्वार्टर देसी शराब के साथ छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

कस्बा प्रभारी संदीप कुमार गौतम शनिवार देर शाम नगर में गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि मकू नगला गांव में एक युवक शराब लिए खड़ा है। इस पर वह टीम के साथ पहुंचे और कस्बा के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी अशोक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास दस लीटर शराब मिली।

इसके अलावा दरोगा भूकेन्द्र सिंह ने गदनपुर देवराजपुर के निकट मार्ग से देवरान गढ़िया निवासी संतोष कुमार को दस लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। उधर दरोगा कल्लू प्रसाद ने महरुपुर राबी के निकट स्थित बकरा मंडी से पांच लीटर शराब के साथ मोहनपुर दिनारपुर निवासी रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

दरोगा कमेलश कुमार ने देर रात गश्त के दौरान नारायनपुर गढ़िया गांव में कोटिया चौराहे मार्ग से देवरान गढ़िया निवासी रतीराम को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दस लीटर कच्ची शराब मिली। वहीं दरोगा उदयकरन सिंह ने गौसपुर स्थित खिन्नी बाबा मजार के पास से देवरान गढ़िया निवासी राजवीर को दस लीटर शराब के साथ पकड़ लिया।

इसके अलावा चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार देर रात भोजपुर गांव में गश्त कर रहे थे। तभी तिराहे पर उन्होंने गांव के राकेश को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 18 क्वार्टर देसी शराब के मिले। (संवाद)

कार्यालय ग्राम पंचायत गंगलऊ परमनगर, शमशाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांक- मिले, योजना मनरेगा /राज्यवित्त/15वां वित्त आयोग योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक- 28.02.2026

अल्प कालीन निविदा सूचना

मनरेगा /राज्यवित्त/15वां वित्त आयोग योजनांतर्गत ग्राम पंचायत **गंगलऊ परमनगर** विकास खंड शमशाबाद, जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों की सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक -01.03.2026 से दिनांक 07.03.2026 की अपराह्न 2 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा प्रपत्र दिनांक- 07.03.2026 को अपराह्न 3 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय **गंगलऊ परमनगर** में खोले जाएंगे। निविदा एवं अन्य - प्रपत्र दिनांक-01.03.2026 से दिनांक -07.03.2026 तक सुबह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500 रुपए नकद भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	मद	सामग्री का विवरण	स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार लागत (लाख में)	जमानत धनराशि 2% रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	डामर रोड से होली वाली जगह तक इंटरलाकिंग व क्रास निर्माण कार्य	मनरेगा / राज्यवित्त/ 15वां वित्त आयोग	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	9.23	2%	500/-
2	अभिषेक के घर से जतन के खोख तक इंटरलाकिंग, नाली व क्रास निर्माण कार्य			7.11	2%	500/-
3	त्रिवेन्द्र के मकान से ओमवीर की बैठक तक इंटरलाकिंग, नाली व क्रास निर्माण कार्य			5.70	2%	500/-

नियम एवं शर्तें- निविदादाता का जीएसटी व आयकर में पंजीकरण होना अनिवार्य है। धरोहर राशि एफडीआर या चेक द्वारा ली जायेगी। ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। नियमानुसार स्वीकृत प्राक्कलन घटाया व बढ़ाया जा सकता है।

सचिव-अमित कुमार, ग्राम पंचायत गंगलऊ परमनगर फर्रुखाबाद

प्रधान-मायादेवी, ग्राम पंचायत गंगलऊ परमनगर फर्रुखाबाद

रामगंगा में उतराता मिला शव हरदोई के युवक का निकला

पिता ने 25 लाख रुपये फिरौती मांगने और हत्या की धमकी देने का लगाया आरोप

24 फरवरी की सुबह घर से निकला था युवक, पुलिस ने पिता के सौंपा शव

संवाद न्यूज एजेंसी

फर्रुखाबाद। रामगंगा में शनिवार को उतराते मिले शव की जनपद हरदोई निवासी पिता ने कपड़ों से पहचान की। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने युवक का शव पिता को सौंप दिया। पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी में फोन पर 25 लाख रुपये फिरौती मांगने और हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया था।

जनपद हरदोई थाना मझिला क्षेत्र के गांव आंझी निवासी अशोक कुमार सिंह ने शनिवार को गंगा में उतराते मिले युवक की पहचान अपने पुत्र अभय प्रताप सिंह(18) के रूप में की। उन्होंने 25 फरवरी को मझिला थाने में पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि 24 फरवरी को उनका पुत्र अभय प्रताप बिना बताए कहीं चला गया था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला।

पुत्र के गायब होने के बाद 24 फरवरी को ही किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पास फोन किया और कहा कि उसे 25 लाख रुपये दे दो, नहीं तो तुम्हारे पुत्र को जान से मार देंगे। उस नंबर पर जब उन्होंने दोबारा कॉल की तो फिरौती मांगने वाले का फोन स्विच ऑफ मिला। विदित है कि शनिवार को रामगंगा में युवक का शव उतराता मिला था। वह लोअर-बनियान व स्पोर्ट शूज पहने था। जेब से कुछ नहीं मिला था। राजेपुर थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया।

सूत्रों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत चार-पांच दिन पूर्व पानी में डूबने से होने की पुष्टि हुई। राजेपुर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद अभय प्रताप का शव उसके पिता अशोक कुमार सिंह को सौंप दिया। राजेपुर थानाध्यक्ष सुदेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

पढ़ें, कहां मिल रही हैं कितनी नौकरियां amarujala.com पर

किन्नर के बैग से एक लाख रुपये निकालकर भागे तीन आरोपी दबोचे

पुलिस अलीगढ़ निवासी तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही

आरोपियों में दंपती व उसका पुत्र शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

मोहम्मदाबाद। टेंपो सवार किन्नर के बैग से एक लाख निकालकर भागे तीन आरोपियों को चालक के सहयोग से दबोच लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद रुपये किन्नर को वापस कराए। पुलिस अलीगढ़ निवासी तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

मैनपुरी के बेवर से मोहम्मदाबाद आ रहे टेंपो में किन्नर सहित छह यात्री सवार थे। गांव अलावलपुर के पास टेंपो से दो यात्री उतरे। उनके साथ ही मोहम्मदाबाद के लिए बैठे तीन संदिग्ध यात्री भी उतर गए। इसमें एक महिला, एक किशोर व एक अधेड़ था। शक होने पर टेंपो चालक ने उन्हें रोका तो वह भागने लगे। इस बीच किन्नर ने अपना बैग देखा तो उसमें रखे एक लाख रुपये गायब थे। इस पर किन्नर ने भी शोर मचाया। यह देख ग्रामीणों ने भाग रहे तीनों यात्रियों को पकड़ लिया।

चालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया, उनके साथ चालक व किन्नर भी कोतवाली पहुंचा। पुलिस पूछताछ में अधेड़ आरोपी ने बताया कि महिला उसकी पत्नी व किशोर पुत्र है। वह जनपद अलीगढ़ के निवासी हैं। फर्रुखाबाद में कैंप लगाकर आयुर्वेदिक दवा बेचते हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद रुपये किन्नर को वापस करा दिए। इस पर किन्नर कोई कार्रवाई न करने की बात कहकर चला गया। आरोपियों ने पुलिस अभी पूछताछ कर रही है।

दो दिन पहले ही महिला के बैग से जेवर व नकदी पार कर दी गई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि किन्नर के गायब रुपये वापस करा दिए गए, इससे किन्नर ने कोई कार्रवाई करने से मना कर दिया। फिलहाल हिरासत में लिए गए दंपती व उसके पुत्र से पूछताछ की जा रही है।

भाईचारे व सौहार्द से मनाएं ईद और होली : एएसपी

कायमगंज। कोतवाली परिसर में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें होली और ईद के त्योहारों को शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई।

एएसपी ने व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने में सहयोग मांगा। उन्होंने होलिका दहन स्थलों पर बिजली के लटकते तारों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि आग लगने जैसी घटना न हो और विद्युत आपूर्ति बाधित न हो।

प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने हाल में हुई घटनाओं का हवाला देते हुए व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने और निजी चौकीदार रखने की अपील की। (संवाद)

चार माह से नाला चोक, लोहिया अस्पताल की बाउंड्री को खतरा

लोहिया अस्पताल की बाउंड्रीवाल के किनारे नाला चोक होने से भरा पानी। स्रोत: जागरुक पाठक

क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास नाला चोक होने से फुटपाथ पर जलभराव। संवाद

पानी नाला ही नहीं सड़क के फुटपाथ पर भी बजबजा रहा है

संवाद न्यूज़ एजेंसी

फर्रुखाबाद। पॉश इलाकों में शामिल आवास विकास कॉलोनी में लोहिया अस्पताल से मसेनी की ओर जाने वाले मार्ग के दक्षिण का नाला चार माह से चोक है। अस्पताल की बाउंड्रीवॉल पर सीलन के चलते गिरने का खतरा बढ़ गया। तेजी से बढ़ रहे मच्छरों की वजह से लोग परेशान हैं। आसपास के लोगों ने ईओ को अवगत कराया मगर कोई सुनवाई नहीं हुई।

आवास विकास कॉलोनी में लोहिया अस्पताल की उत्तरी बाउंड्रीवॉल के किनारे से निकल रहा नाला करीब चार माह से चोक है। इसमें भरा पानी नाला ही नहीं मसेनी की ओर जाने वाली सड़क के फुटपाथ पर भी बजबजा रहा है। अस्पताल की बाउंड्रीवॉल पांच-पांच फीट ऊंचाई तक नमी पहुंच गई है। कई स्थानों पर रंगरोगन ही नहीं प्लास्टर तक फूलने लगा है। यही हाल रहा, तो दीवार भी गिरने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

नाले में जलभराव इस कदर है कि गंदा पानी सड़क के फुटपाथ पर भी भरा है। लिहाजा उसमें मच्छर पनप रहे हैं। इससे दूसरी तरफ बने मकानों, निजी अस्पतालों में रह रहे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के लोगों ने नाले की सफाई करवाकर जलनिकासी सुनिश्चित करने के लिए ईओ को भी फोटो भेजकर अवगत कराया, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे खासी दिक्कतें हैं।

आवास विकास तिराहे पास नाला चोक होने से फुटपाथ पर जलभराव शहर के मुख्य मार्ग पर आवास विकास तिराहे से के पास स्थित क्रिश्चियन कब्रिस्तान के सामने नाला चोक होने से बृहस्पतिवार सुबह जलभराव हो गया।

इससे फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले लोगों को दिक्कत हुई। आसपास के लोगों को कहना है कि नाले की सफाई न होने से अक्सर यहां जलभराव हो जाता है। ईओ विनोद कुमार ने बताया कि जल्द नाले की सफाई कराकर लोगों की समस्या का निदान किया जाएगा।

आवास विकास तिराहे के पास नाला चोक होने से फुटपाथ पर जलभराव

शहर के मुख्य मार्ग पर आवास विकास तिराहे से के पास स्थित क्रिश्चियन कब्रिस्तान के सामने नाला चोक होने से बृहस्पतिवार सुबह जलभराव हो गया। इससे फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले लोगों को दिक्कत हुई। आसपास के लोगों को कहना है कि नाले की सफाई न होने से अक्सर यहां जलभराव हो जाता है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda | शाखा: सेठ गली, फर्रूखाबाद, मो- 8477009377 | **ई–नीलामी सूचना**

[परिशिष्ट IV-A (नियम 8(6) एवं 6(2) के लिए प्रावधान]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** के पास गिरवी/प्रभारित है, का सांकेतिक/भौतिक कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर विक्रय की जाएगी। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर के नाम व पते	मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि (रू)	सम्पत्तियों का विवरण	कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य (रू) / ईएमडी (रू) / बोली वृद्धि राशि (रू)
1.	**ऋणी**- 1. मेसर्स फलक एम्ब्रॉयडरी, एक प्रोपराइटरशिप फर्म, प्रोप.- श्री मोहम्मद हासिम वारसी, 2. श्री मोहम्मद हासिम वारसी पुत्र श्री मुख्तियार खान, **गारंटर**- 1. श्री हामिद अंसारी पुत्र श्री मुख्तियार खान, 2. श्रीमती शमा परवीन पत्नी श्री मोहम्मद हासिम वारसी, सभी के पता- मकान नंबर-27, वार्ड नंबर-19, कटरा बू अली खां, फर्रुखाबाद	14.05.2025 / 12,67,902.32/- + ब्याज व अन्य खर्चे	अचल संपत्ति के संबंध में सभी अधिकार, स्वामित्व एवं हित, सर्वेक्षण संख्या, मकान संख्या, स्थान- कटरा बू अली, फर्रुखाबाद, एरिया: 96.00 वर्ग मीटर, संपत्ति श्री मोहम्मद हासिम वारसी के नाम, चौहद्दी: पूर्व- तफ़ज्जल हुसैन का मकान, पश्चिम- रोड, उत्तर- समान्य गली, दक्षिण- भगवत दयाल की संपत्ति। संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय 10.04.2026 दोपहर 12.00 से सायं 05.00 बजे तक	सांकेतिक	19,82,880/- / 1,98,288/- / 10,000/-

ई–नीलामी दिनांक : 16.04.2026, समय : दोपहर 2:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक

इच्छुक बोलीदाता ईएमडी राशि पोर्टल https://www.baanknet.com के माध्यम से केवल एनईएफटी/यूपीआई/क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के द्वारा ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

बैंक की जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर भार का विवरण – ज्ञात नहीं है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e&auction.htm देखें/जाएं एवं https://www.baanknet.com साथ ही, संभावित बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाइल 8477009377 पर संपर्क कर सकते हैं।

सांकेतिक कब्जे वाली संपत्ति के लिए बैंक नीलामी क्रेता को सांकेतिक रूप से ही संपत्ति का कब्जा सौंप देगा।

नियमों और शर्तों के विस्तृत विवरण के लिए **यहाँ स्कैन करें**

सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

इस बिक्री नोटिस को उपरोक्त उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(रों)/बंधककर्ता(रों) के लिए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/नियम 9(1) के तहत 30 दिनों के नोटिस के रूप में भी माना जाएगा।

स्थान: फर्रूखाबाद | दिनांक : 02-03-2026 | प्राधिकृत अधिकारी